कार्यालय, नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग)

मुख्य कार्यालय – संपदा शाखा, साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
फोन नं. 07759–221288, फैक्स :– 07759–221288, 221929
Website: www.korbamunicipal.in, Email Id-corporationkorba@gmail.com

फा.क./15/संपदा/2021 8131 कोरबा दिनांक 23/10/2021

राजीव गॉधी ऑडिटोरियम (प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम) के संचालन/संधारण हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रियदर्शिनीय इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में निर्मित राजीव गांधी ऑडिटोरियम भवन को वर्तमान में सज्जित व्यवस्थाओं यथा भवन, बैठक व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, वातानुकूलित व्यवस्था एवं ध्वनि विस्तारक व्यवस्था के साथ वर्तमान स्थिति में उक्त भवन के नियमित रूप से रख–रखाव के साथ–साथ जन सामान्य/विभिन्न संस्थाओं/शासकीय व अर्द्धशासकीय विभागों तथा व्यक्तियों का विभिन्न आयोजनों हेतु निगम की निर्धारित शर्तों किराया अनुसूची/संधारण व्यय व उपभोक्ता शुल्क सहित संचालन करने हेतु विभिन्न संस्थाओं/फर्म/व्यक्ति से 10 वर्षीय लीज पर देने हेतु उच्चतम प्रीमियम राशि रू. 10,00,000/– (रूपये दास लाख मात्र) एवं उच्चतम मासिक किराया राशि रू. 2,50,000/– (रूपये दो लाख पचास हजार मात्र) की उच्चतम प्रीमियम एवं मासिक किराया की निविदा ऑफर दिनांक 09.11.2021 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है, निविदा उसी दिनांक को सायं 04.00 बजे खोली जायेगी। उक्त निविदा हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म राशि रूपये 1,00,000/–(रूपये एक लाख मात्र) निविदा तिथि के 01 दिवस पूर्व नगद/बैंक ड्राफ्ट/ बैंकर्स चेक के माध्यम से सुरक्षा राशि जमा कर निविदा तिथि को ऑफर प्रस्तुत कर सकते है।

निविदाकर्ता भवनो का निरीक्षण भौतिक रूप से कार्यालयीन दिवस व समय में कर सकते है एवं शर्तो का विवरण निगम की वेबसाईड **www.korbamunicipal.in** पर उपलब्ध है। निविदा कर्ता रू. 1000/– शुल्क जमाकर कार्यालयीन दिवस एवं समय पर निर्धारित प्रपत्र निविदा दिनांक से 01 दिवस पूर्व तक प्राप्त कर सकते है।

संपदा अधिकारी,
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)